मुझको देदो एक लाल चाहे बेटा हो जा बेटी

मुझको देदो एक लाल चाहे बेटा हो जा बेटी,
मेरी एक यही है सवाल मैया बेटा हो जा बेटी,

सुनी गोदी सब कुछ सुना सुनी ममता रोये,
तेरे दर की आस लगी है और दूजा कोई,
अब तो सुनलो मेरी पुकार मैया बेटा हो जा बेटी,
मुझको देदो एक लाल चाहे बेटा हो जा बेटी

गाडी बंगला महल दू महले ये मेरे किस काम की,
मैं चाहू लग जाये मुझ पर मोहर तेरे नाम की,
तू अब और ना मुझको ताल मैया बेटा हो जा बेटी,
मुझको देदो एक लाल चाहे बेटा हो जा बेटी

हर आंगन में बच्चे खेले मेरा आंगन खाली,
हम भी तेरे दर पे खड़े है बनके आज सवाली,
मेरी झोली में कुछ तो दाल मैया बेटा हो जा बेटी
मुझको देदो एक लाल चाहे बेटा हो जा बेटी

तेरी महिमा सुनके मैया तेरे दर पे आई,
अरजी हमारी सुन लो मैया कोई न जग में हसाई,
कोई ऐसा करदो कमाल मैया बेटा हो जा बेटी,
मुझको देदो एक लाल चाहे बेटा हो जा बेटी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2740/title/mujko-bhi-ik-dedo-lal-maiya-beta-ho-ja-beti

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |